सराहनीय कार्य जनपद सम्भल पुलिस।

दिनांक – 13.12.2024

श्रीमान पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल श्री कृष्ण कुमार के कुशल निर्देशन में जनपद सम्भल में दिनांक 13.12.2024 को कानून व्यवस्था,अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाये गये अभियान में निम्नलिखित कार्यवाही की गयी।

01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार थाना रजपुरा-

दिनांक 18.11.2024 को थाना रजपुरा पर वादी कपिल निवासी कस्बा गवां थाना रजपुरा जनपद सम्भल की तहरीरी सूचना विपक्षी द्वारा वादी के ताऊ व भाई के साथ गाली गलौच कर मारपीट करना जिससे वादी के भाई का घायल हो जाना के सम्बन्ध में थाना रजपुरा पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया।

आज दिनांक 13.12.2024 को थाना रजपुरा पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 381/2024 धारा 115(2)/352/351(2)/110/118(1) बीएनएस में वांछित अभियुक्त अरविन्द पुत्र पुरुषोत्तम निवासी कस्बा गवां थाना रजपुरा जनपद सम्भल को अभियुक्त के मस्कन से गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता-

अरविन्द पुत्र पुरुषोत्तम निवासी कस्बा गवां थाना रजपुरा जनपद सम्भल।

गिरफ्तारी पुलिस टीम-

1. उ0नि0 श्री कुलवीर सिंह थाना रजपुरा जनपद सम्भल,
2. का0 हीरेश ठैनुआ,
3. का0 नीरज कुमार।